भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. *51
उत्तर देने की तारीख 03 दिसम्बर, 2025

5जी सेवाओं का विस्तार

⁎51. श्री चन्द्र प्रकाश जोशीः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) नवम्बर, 2025 तक देश भर में कुल कितने 5जी मोबाइल टावर संस्थापित किए गए हैं;

(ख) क्या भारतनेट परियोजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में कनेक्टिविटी में सुधार हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है:

(ग) दूरस्थ और सीमावर्ती क्षेत्रों में डिजिटल अंतर को पाटने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) राजस्थान में 5जी सेवाओं के विस्तार और ग्रामीण क्षेत्रों में कनेक्टिविटी की स्थिति का जिला-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) से (घ) विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

“5जी सेवाओं का विस्तार” के संबंध में दिनांक 03 दिसम्बर, 2025 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *51 के भाग (क) से (घ) के संदर्भ में लोक सभा के पटल पर रखा जाने वाला विवरण

(क) दिनांक 31.10.2025 तक, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) ने देश भर में 5.08 लाख 5जी बेस ट्रांसीवर स्टेशन (बीटीएस) संस्थापित किए हैं।

(ख) जी हां, भारतनेट परियोजना के तहत ग्रामीण कनेक्टिविटी में सुधार हुआ है। अक्टूबर 2025 तक, 2.14 लाख ग्राम पंचायतें ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी हेतु सेवा प्रदान करने के लिए तैयार हैं और इस परियोजना के तहत पूरे देश में 13.66 लाख फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) कनेक्शन प्रदान किए गए हैं।

(ग) दूरदराज और सीमावर्ती क्षेत्रों में डिजिटल अंतर को पाटने के लिए, सरकार ने डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) का उपयोग करके कई कदम उठाए हैं जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित शामिल हैं:-

i. ग्राम पंचायतों (जीपी) और गांवों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए भारतनेट परियोजना।
ii. वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों में मोबाइल सेवाएं प्रदान करने के लिए स्कीम।
iii. सीमावर्ती क्षेत्रों में मोबाइल सेवाएं प्रदान करने के लिए स्कीम।
iv. सेवा से वंचित गांवों में 4जी मोबाइल कवरेज प्रदान करने के लिए 4जी सेचुरेशन स्कीम।

(घ) राजस्थान में टीएसपी द्वारा प्रदान की गई 5जी सेवाओं के विस्तार का जिला-वार विवरण अनुबंध-I में दिया गया है। इसके अलावा, डीबीएन द्वारा वित्त पोषित मोबाइल स्कीमों के तहत 4जी प्रौद्योगिकी युक्त 1409 मोबाइल टॉवर चालू किए गए हैं और राजस्थान के 1684 ग्रामीण क्षेत्र के गांवों को सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

<u>अनुबंध -I</u>

दिनांक 03.12.2025 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 51 का अनुबंध

राजस्थान में 5जी बीटीएस की जिला-वार संख्या:

क्र.सं.	**जिला**	**5जी बीटीएस की संख्या**
1	अजमेर	1461
2	अलवर	1497
3	बालोतरा	16
4	बांसवाड़ा	373
5	बारां	303
6	बाड़मेर	803
7	ब्यावर	35
8	भरतपुर	789
9	भीलवाड़ा	911
10	बीकानेर	1232
11	बूंदी	336
12	चित्तौड़गढ़	611
13	चूरू	796
14	दौसा	562
15	डीग	59
16	धौलपुर	336
17	डीडवाना-कुचामन	67
18	डूंगरपुर	348
19	गंगानगर	786
20	हनुमानगढ़	739
21	जयपुर	5033
22	जैसलमेर	289
23	जालौर	798
24	झालावाड़	412
25	झुंझुनू	968

26	जोधपुर	2115
27	करौली	348
28	खैरथल-तिजारा	125
29	कोटा	1214
30	कोटपुतली-बहरोड़	87
31	नागौर	1194
32	पाली	881
33	फलौदी	29
34	प्रतापगढ़	192
35	राजसमंद	542
36	सलूंबर	11
37	सवाई माधोपुर	445
38	सीकर	1245
39	सिरोही	449
40	टोंक	362
41	उदयपुर	1487
	कुल	30286

*****